महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर-321201

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in

क्रमांक :– प.4(3)मसूबृवि / परीक्षा / 2020 / 3391 –95 दिनांक :– 15/10/2020

प्राचार्य / केन्द्राधीक्षक,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
भरतपुर एवं धौलपुर।

विषय :– स्नातक (अंतिम वर्ष) एवं (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष ड्यू) तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) एवं (पूर्वार्द्ध ड्यू) की प्रायोगिक परीक्षा बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2019–20 की प्रायोगिक परीक्षा के सम्बंध में संकाय अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 06.10.2020 में लिए गए निर्णय एवं माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों के संदर्भ में नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की शेष रही प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्ष अपने प्राचार्य से विचार–विमर्श कर अपने स्तर पर परीक्षक की नियुक्ति कर कार्यवाही सम्पन्न करावें।

प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षार्थियों के अंकों का निर्धारण परीक्षार्थी के रिकॉर्ड / फाइल के मूल्यांकन के आधार पर किया जावे। इस हेतु परीक्षार्थियों के रिकॉर्ड / फाइल को महाविद्यालय के संबंधित विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें। किसी भी विषय की प्रायोगिक परीक्षा लिखित व / अथवा मौखिक (Viva-Voce) आयोजित नहीं कराई जाएगी। अतः प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन हेतु परीक्षार्थियों को महाविद्यालय में नहीं बुलाया जावे।

जिन परीक्षार्थियों द्वारा पूर्व में अपने सम्बंधित विषय में प्रायोगिक परीक्षा का रिकॉर्ड महाविद्यालय में जमा नहीं किया गया है उन्हें दिनांक 19.10.2020 से अगले 07 कार्य दिवसों में रिकॉर्ड अपने महाविद्यालय में जमा करने की अनुमति प्रदान करें।

प्रायोगिक परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु परीक्षक की नियुक्ति निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें।

उक्त प्रायोगिक परीक्षाओं के अंकों को ऑनलाईन पोर्टल पर परीक्षा के दिन ही इन्द्राज करा हार्ड कापी परीक्षा सम्पन्न होने के अगले 02 कार्यदिवस में विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा कराना सुनिश्चित करावें।

स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) में जिन विषयों में Dissertation / Viva-Voce है। उनके दिशा–निर्देश अलग से जारी किये जायेगें।

(डॉ0 अरूण कुमार पाण्डेय)
परीक्षा–नियंत्रक

क्रमांक :– प.4(3)मसूबृवि / परीक्षा / 2020 / 3391 – 95 दिनांक : 15/10/2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
3. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट, अपलोड करने हेतु।
4. रक्षित पत्रावली

(डॉ0 अरूण कुमार पाण्डेय)
परीक्षा–नियंत्रक